22/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6.5 से 7 प्रतिशत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि का अनुमान लगाया है। बजट सत्र के पहले दिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण के अनुसार, अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू विकास चालकों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में आर्थिक विकास का समर्थन किया है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि माल और सेवाओं के निर्यात में वृद्धि होने की संभावना है। इसमें आगे उल्लेख किया गया है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा सामान्य वर्षा का पूर्वानुमान और दक्षिण-पश्चिम मानसून के संतोषजनक प्रसार से कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार होने और ग्रामीण मांग के पुनरुद्धार का समर्थन करने की संभावना है। उन्होने कहा, जीएसटी और आईबीसी जैसे संरचनात्मक सुधार भी परिपक्व हो गए हैं और परिकल्पित परिणाम दे रहे हैं।

00000000000000000000

सरकार ने आज कहा कि पिछले सात वर्षों में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं है और वह कथित नीट यूजी पेपर लीक मामले में कुछ भी नहीं छिपा रही है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने अपने गठन के बाद से 240 परीक्षाएं आयोजित की हैं और एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में चार करोड़ 50 लाख से अधिक छात्र उपस्थित हुए हैं।

देश में पेपर लीक की घटनाओं के विपक्षी दलों द्‌वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है और नीट परीक्षा का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भारत की कुल पनबिजली क्षमता का 40 प्रतिशत उत्पादन करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि राज्य में 58000 मेगावाट पनबिजली उत्पादन की क्षमता है। बिजली विभाग का भी प्रभार संभाल रहे श्री मीन ने राज्य विधानसभा में राज्य में पनबिजली परियोजनाओं से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि आज अरुणाचल प्रदेश में 1200 मेगावाट पनबिजली की स्थापित क्षमता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में 4 सीपीएसयू के साथ राज्य में 13 पनबिजली परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 4 परियोजनाएं प्रगतिशील चरणों में हैं और उन्हें तुरंत शुरू किया जाएगा। श्री मीन ने कहा कि एक बार ये 13 परियोजनाएं चालू हो जाएं तो राज्य को सालाना लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। उपमुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि लोअर सुबनसिरी जलविद्‌युत परियोजना 2026 तक पूरी तरह चालू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 2800 मेगावाट की दिबांग घाटी बहुउद्देश्यीय परियोजना का काम चल रहा है और इसमें 12.32 प्रतिशत भौतिक प्रगति हासिल हो चुकी है।

00000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा है कि राज्य में 21 महिला पुलिस स्टेशन अधिसूचित हैं, जिनमें से 7 अभी कार्यरत हैं। गृह मंत्री ने आज विधानसभा में विधायक वांगलिन लोवांगडोंग द्वारा उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि 7 पुलिस स्टेशन, पासीघाट, आलो, ईटानगर, तवांग, तेजू, सेप्पा और जीरो में कार्यरत हैं और सरकार शेष 15 महिला पुलिस स्टेशनों को बहुत जल्द क्रियाशील बनाने पर काम कर रही है। श्री नटुंग ने आश्वासन दिया कि एक बार बुनियादी ढांचे और जनशक्ति के निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, शेष स्टेशनों को भी चरणबद्ध तरीके से क्रियाशील बनाया जाएगा।

00000000000000000

शिक्षा मंत्री पीडी सोना ने आज विधानसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि उन्होंने राज्य भर के सरकारी उच्चतर माध्यमिक और सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के लिए 549 विषय शिक्षकों की भर्ती के लिए मांग रखी है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में सरकारी शिक्षकों की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि हालांकि, मुख्यमंत्री शिक्षा कोष के तहत, शिक्षा विभाग ने 2023-24 में 777 विषय शिक्षक उपलब्ध कराए हैं। शिक्षकों के स्थानांतरण और पोस्टिंग के युक्तिकरण पर, उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए एक शिक्षक रजिस्ट्री पोर्टल विकसित किया गया है, जहां 15888 शिक्षकों का डेटा अपलोड किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग सभी शिक्षकों को पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का निर्देश जारी करेगा। श्री सोना ने जवाब में कहा कि वर्तमान पोर्टल अगले शैक्षणिक सत्र से पूरी तरह कार्यात्मक बना दिया जाएगा।

00000000000000000

महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आज सीएचसी किमिन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत "बेटी जन्मोत्सव" का आयोजन किया। जिला आईसीडीएस सेल की उपनिदेशक यूपिया ने योजना के तहत कार्यक्रमों और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला प्रतिभागियों को महिला केंद्रित केंद्रीय और राज्य योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एक केंद्रीय योजना है जिसे विशेष रूप से बालिकाओं को sanrakshan और उन्हें शिक्षित करने के लिए शुरू किया गया है।" उन्होंने सभी से परिवार या रिश्तेदारों के बीच भी महिलाओं या बालिकाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा की रिपोर्ट करने का आह्वान किया।

00000000000000000

दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में गजराज कोर ने कल तवांग जिले के अंतर्गत दूरदराज के गांव थिंग्बू में स्थित एक बोर्डिंग स्कूल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासिया विद्यालय को आवश्यक शैक्षिक सुविधाएं प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सत्रह छात्र, आठ शिक्षक और गांव बुरा सहित गांव के निवासी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों के छात्रों के लिए शैक्षिक सुविधाओं में सुधार और अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने में योगदान देना है।

00000000000000000